(ii) राजस्थान की प्राचीन सभ्यतायें एवं पुरातात्विक स्थल

21. निम्नलिखित में से, बौद्ध धर्म से सम्बन्धित पुरातात्विक अवशेष कहाँ मिले हैं?

(a) बैराठ (विराट नगर) (b) माध्यमिका (नगरी)
(c) नलियासर (सांभर) (d) रैढ़ (टोंक)

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (a) : बौद्ध धर्म से सम्बन्धित पुरातात्विक अवशेष बैराठ (विराट नगर) से प्राप्त हुए हैं। यह प्राचीन राजस्थान में मत्स्य जनपद की राजधानी के नाम से प्रसिद्ध था। बैराठ के निकट ही अशोक का भाब्रु अभिलेख प्राप्त हुआ है। जो अशोक के बौद्ध मतानुयायी होने की चर्चा की गयी है।

22. ऐतिहासिक स्थल 'जाबालिपुर' की आधुनिक पहचान है-

(a) जालौर (b) सिरोही
(c) नागौर (d) जैसलमेर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (a) : बिजौलिया शिलालेख के अनुसार, सुर्वर्णगिरी पहाड़ी के पूर्वी भाग में स्थित महर्षि जाबालि की तपोभूमि होने के कारण जालौर को प्राचीन काल में जाबालिपुर के नाम से जाना जाता है। वर्तमान में यहाँ ग्रेनाइट बहुतायत मात्रा में मिलने के कारण इसे 'ग्रेनाइट सिटी' भी कहा जाता है।

23. बागोर सभ्यता किस नदी के किनारे स्थित है?

(a) साबी नदी (b) कोठारी नदी
(c) काटली नदी (d) घग्घर नदी

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I
महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) : बागोर सभ्यता भीलवाड़ा में मांडल तहसील में कोठारी नदी के तट पर स्थित है। बागोर एवं तिलवाड़ा मध्य पाषाणकालीन स्थल है। इसका उत्खनन कार्य वी.एन. मिश्रा के निर्देश में हुआ था। बागोर से कृषि व पशुपालन के प्राचीनतम साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। बागोर के साथ ही तिलवाड़ा मध्यपाषाण काल से संबंधित है।

24. बागोर की सभ्यता निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित थी?

(a) भीलवाड़ा (b) जैसलमेर
(c) गंगानगर (d) बीकानेर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

25. राजस्थान में पशुपालन के प्राचीनतम साक्ष्य कहाँ प्राप्त हुए हैं-

(a) कालीबंगा (b) गणेश्वर
(c) आहड़ (d) बागौर

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (d) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

26. बागोर एवं तिलवाड़ा नामक स्थान मुख्यतया निम्न काल से सम्बन्धित है-

(a) मध्य पाषाण काल (b) पुरा पाषाण काल
(c) पूर्व-हड़प्पा काल (d) निम्न पुरा पाषाण काल

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

27. लूनी घाटी डीडवाना, बूढ़ा पुष्कर के आसपास स्थित एक महत्वपूर्ण स्थल है। यह निम्नलिखित में से किस युग से संबंधित है?

(a) ऊपरी पुरापाषाण युग
(b) उत्तर पुराना पाषाण युग
(c) मध्य पुरापाषाण युग
(d) इनमें से कोई भी नहीं

Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022

Ans. (c) : लूनी घाटी डीडवाना, बूढ़ा पुष्कर के पास एक मध्य पुरापाषणिक स्थल है। बागोर भी राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में स्थित एक मध्य पाषाणिक स्थल है। यहाँ से पशुपालन के प्राचीनतम साक्ष्य प्राप्त हुआ है।

28. 'मेसोलिथिक' शब्द का वास्तविक शाब्दिक अर्थ है-

(a) मध्य पाषाणकालीन युग
(b) मध्य पुरापाषाणकालीन युग
(c) उच्च पुरापाषाण काल
(d) निम्न पुरापाषाण काल

Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016

Ans. (a) – 'मेसोलिथिक' शब्द का वास्तविक शाब्दिक अर्थ मध्य पाषाणकालीन युग से है। मध्य पाषाणकाल, पुरा पाषाणकाल व नव पाषाणकाल के मध्य संक्रमण को निर्धारित करता है। इस काल के उपकरण काफी छोटे (1 से 8 सेमी. तक) होते थे, जिन्हें माइक्रोलिथ्स के नाम से जाना जाता था। मध्य पाषाणकालीन स्थलों में मध्य प्रदेश का आदमगढ़, राजस्थान का बागोर प्रमुख है।

29. निम्नांकित में से राजस्थान में किस स्थान से सैन्धव कालीन अवशेष प्राप्त हुए हैं?

(a) बालाथल (b) गणेशवर
(c) गिलुण्ड (d) कालीबंगा

RPSC-2011

Ans. (d) : कालीबंगा, सिन्धु सभ्यता का एक प्राचीन स्थल राजस्थान में स्थित है। कालीबंगा का अर्थ- काली चूड़ियाँ है। यह स्थल राजस्थान के हनुमानगढ़ (पूर्व में गंगानगर) जिले के घग्गर नदी के तट कांठे पर पाया गया। इसकी खोज 1951 ई. में अमलानंद घोष ने की थी तथा उत्खनन कार्य 1959-60 में बी.बी. लाल एवं बी. के. थापर ने प्रारम्भ किया था। यहाँ से जुते हुए खेत एवं अग्नि वेदिका के प्रमाण प्राप्त हुए हैं।

30. निम्नलिखित में से किस स्थल में उत्खनन में 'अग्नि-वेदिकाएँ' मिली थी?

(a) आहड़ (b) बागोर
(c) कालीबंगा (d) गणेश्वर

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

31. सात अग्नि वेदिकाओं की पंक्ति प्राप्त हुई है–

(a) कालीबंगा से (b) बैराठ से
(c) आहड़ से (d) गणेश्वर से

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022
सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।